अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दि.21.06.24 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,राजा भोज विमानतल,भोपाल कार्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विशेष रूप से पधारे सहज योग मेडिटेशन की टीम ने भाविप्रा के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को सहज योग व ध्यान का अभ्यास कराया | कार्यक्रम में हवाई अड्डे पर कार्यरत समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विमानपत्तन निदेशक, श्री रामजी अवस्थी के अगुवाई में विभिन्न प्रकार के योगासन, सूर्य नमस्कार, सहज योग व ध्यान इत्यादि का अभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में विमानपत्तन निदेशक ने सहज योग मेडिटेशन की टीम सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने सभी को योग को अपनाने व इसका नियमित अभ्यास करने का सुझाव दिया।

राजा भोज हवाईअड्डा,भोपाल
Raja Bhoj Airport, Bhopal

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
राजा भोज विमानतल, भोपाल
Raja Bhoj Airport, Bhopal
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस
International Yoga Day
21 जून 2024
21 June 2024

जन सुविधा
Public Convenience